आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 08.01.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए देहरादून में 10 किलोमीटर दौड़ आयोजित की जाएगी।
- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा – भारतपोल पोर्टल और तीन नए आपराधिक कानून भगोड़ों को पकड़ने के लिए मजबूत तंत्र के रूप में काम करेंगे।
- देहरादून स्थित आईएसबीटी में जल भराव रोकने के लिए जिला प्रशासन ने योजना तैयार की।
- **और,** चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी छह दशमलव चार प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान।

**राष्ट्रीय युवा दिवस–प्रस्तावित दौड़ आयोजन**

देहरादून में इस बार राष्ट्रीय युवा दिवस खास होने वाला है। 12 जनवरी को राजधानी में स्वस्थ मतदाता, स्वस्थ लोकतंत्र थीम पर 10 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ हाथीबड़कला स्थित सर्वे ऑफ इंडिया स्टेडियम से शुरू होगी। इसमें सेना, आईटीबीपी, उत्तराखंड पुलिस, सचिवालय एथलेटिक क्लब के साथ–साथ सैकड़ों स्थानीय नागरिक हिस्सा लेंगे। दौड़ का रूट सर्वे स्टेडियम से शुरू होकर न्यू कैंट रोड और राजभवन होते हुए महिंद्रा ग्राउंड तक जाएगा। यहां से लौटकर प्रतिभागी सर्वे स्टेडियम पर दौड़ खत्म करेंगे। दौड़ में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। हर श्रेणी के पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले कुल 15 विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा आयोजित इस दौड़ का उद्देश्य लोगों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देना है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंगडे ने बताया कि अभी तक करीब 600 लोगों ने इसमें भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। 18 साल से अधिक आयु के लोग इसमें हिस्सा ले सकते हैं, और आज पंजीकरण की अंतिम तिथि है।

भारतपोल

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतपोल पोर्टल और तीन नए आपराधिक कानून विदेश भागने वाले भगोड़ों को पकड़ने के लिए एक मजबूत माध्यम के रूप में काम करेंगे। श्री शाह ने कल नई दिल्ली में भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह जांच एजेंसियों और राज्यों की पुलिस को 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री शाह ने कहा कि वर्षों से भारत में अपराध कर दूसरे देशों में भागने वाले अपराधियों को भारतपोल जैसी आधुनिक प्रणाली के लागू होने से न्याय के कठघरे में लाया जा सकेगा।

**जानकारी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दिल्ली दौरे से उत्तराखंड लौट आये हैं। देहरादून पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस भेंट के दौरान राज्य के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से राज्य में खेलों के आयोजन के लिए चल रही तैयारियों और इससे युवाओं को मिलने वाले लाभों के बारे में भी चर्चा की। इसके साथ ही, राज्य में पर्यटन, रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया गया और उनके लिए केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया गया। श्री धामी ने प्रधानमंत्री को शीतकालीन यात्रा के लिए भी आमंत्रित किया, जिस पर प्रधानमंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की और सहमति जताई।

## डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नियमावली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नियमावली, 2025 का मसौदा नागरिक–केंद्रित शासन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, श्री मोदी ने कहा कि नियमावली का उद्देश्य विकास और समावेशिता को बढ़ावा देते हुए व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नियमों का मसौदा जारी किया गया है। मंत्रालय ने माइ गॉव प्लेटफॉर्म के माध्यम से अगले महीने की 18 तारीख तक जनता और हितधारकों से मसौदा नियमों पर टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

## समीक्षा

इस बार बरसात के मौसम में देहरादून के आईएसबीटी क्षेत्र में जलभराव की समस्या नहीं होगी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने खुद वाटर रूट डिज़ाइन, ढाल और ड्रेनेज प्लान तैयार करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस काम को प्राथमिकता के साथ जल्द पूरा किया जाए। विकास भवन में आयोजित बैठक में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने बताया कि राजधानी में सुरक्षा के दृष्टिगत लगाए गए सी.सी. टी.वी जब तक पूरी तरह से काम करना शुरू नहीं कर देते, तब तक उनका भुगतान नहीं किया जाएगा। उन्होंने 114 ऑफलाइन सीसीटीवी कैमरों की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए बीएसएनएल, एचपी और यूपीसीएल के सहयोग से इन्हें एक सप्ताह के भीतर ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रीन बिल्डिंग प्रोजेक्ट और अन्य कार्यों की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई गई। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि परियोजना की रिपोर्ट तय समयसीमा के अनुसार दी जाए और काम में तेजी लाई जाए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी के अंतर्गत ट्रैफिक लाइट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और पुलिस के कैमरे स्मार्ट सिटी सिस्टम से जोड़ने का काम अगले सात दिनों के भीतर पूरा किया करने के निर्देश दिए।

## जीडीपी

वित्त वर्ष 2024–25 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय–एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष के लिए वार्षिक जीडीपी के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी किये।

## नाराज़गी

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने राजकीय विद्यालयों की भूमि पंजीकरण के संबंध में तहसील से समन्वय न करने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारियों को फटकार लगाते हुये विद्यालयी शिक्षा विभाग को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। विद्यालयी शिक्षा विभाग के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने विभाग को तहसील से समन्वय स्थापित करते हुए दो दिन के भीतर सभी विद्यालयों का भूमि पंजीकरण सुनिश्चित कर इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिये कि स्कूलों के जीर्णशीर्ण भवनों में में किसी भी दशा में कक्षाओं का संचालन न किया जाए। जीर्ण शीर्ण विद्यालय भवन को सर्टीफिकेट लेकर तत्काल ध्वस्त किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें लापरवाही के कारण कोई भी दुर्घटना हुई, तो संबंधित शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार रहेंगे।

## परीक्षा

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग राजकीय पॉलीटेक्निक की कर्मशाला अधीक्षक परीक्षा 18 व 19 जनवरी को आयोजित करेगा। परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में कर्मशाला अधीक्षक परीक्षा 2024 के लिए लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के आधार पर की जाएगी। यह परीक्षा हरिद्वार शहर और उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के परीक्षा भवन में आयोजित की जाएगी।

समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की ख़बर सभी समाचार पत्रों में है। अमर उजाला लिखता है– हर ब्लॉक में बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स हॉल खुलें, सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय खेल मंत्री से की मांग, प्रस्ताव पर मांगा वित्तीय सहयोग।

मत प्रतिशत बढाने को मतदाताओं को जागरूक करेगा आयोग। इस सुर्खी के साथ दैनिक जागरण की ख़बर है– निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारियों को भेजेगा पत्र।

उत्तराखंड में 28 हाइड्रो प्रोजेक्ट का रास्ता साफ। इस सुर्खी को पहले पृष्ठ पर मुख्य स्थान देते हुये हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– राज्य सरकार का फोकस अब छोटी परियोजनाओं के निर्माण पर। समाचार पत्र के अनुसार चार सौ छियालीस मेगावाट बिजली का उत्पादन नई जल विद्युत परियोजनाओं से होगा।

एक अन्य खबर पर राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र लिखता है– राशन के साथ मिलेगा खाद्य तेल। समाचार पत्र के अनुसार कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने इस संबंध में प्रस्ताव जल्द तैयार करने के निर्देश दिये हैं।